Publication	Gujarat Vaibhav	Date	21-06 -2017	Page No.	11
Client Name	Kamdhenu	Edition	Ahmedabad		

कामधेनु लिमिटेड ने लॉन्च किया कामधेनु नेक्स्ट

अहमदाबाद। होम बिल्डिंग मटीरियल्स के लिए सम्पूर्ण एवं वन स्टॉप सॉल्यूशन उपलब्ध कराने वाली कम्पनी कामधेनु लिमिटेड ने नेक्स्ट जनरेशन हई–एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट' लॉन्च किया है। कामधेनु लिमिटेड के डायरेक्टर सुनील अग्रवाल तथा यूजर लाइसेंस एग्रीमेंट के अंतर्गत कामधेनु ब्रांड टीएम के अधिकृत उत्पादक इकाई के डायरेक्टर्स, सोम्सवेयर इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के योगेशभाई पटेल, अग्रवाल टीएमटी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के राजन जैन एवं प्रदीप अग्रवाल ने ब्रांड लॉन्च की। इस अवसर पर अहमदाबाद एवं आसपास के क्षेत्रों के 200 से अधिक डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स भी उपस्थित थे। कामधेनु नेक्स्ट एक नया प्रोडक्ट है, जिसमें नए प्रकार की इंजीनियरिंग के साथ मजबूत ढांचा बनाने तथा कंक्रीट–स्टील इंटरलॉक द्वारा 2.5 गुना मजबूती उपलब्ध कराने का स्मार्ट आर्किटेक्चरल कॉन्सेप्ट जैसी विशेषताएं शामिल हैं। कंक्रीट के साथ मजबूत जुड़ाव विकसित किया जा सके, ऐसे स्टील बार की जरूरत को पूर्ण करने के लिए डिजाइन किए गए कामधेनु नेक्स्ट मात्र टेक्नोलॉजी से ही अद्यतन नहीं है बल्कि यह ग्राहक की उचित प्रोडक्ट्स की जरूरत को भी पूरा करता है। कामधेनु लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा कि अहमदाबाद विकास की पराकाष्ठा पर है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की परिकल्पना, शीघ्र ढांचागत विास एवं गगनचुंबी इमारतें शहर की स्काईलाइन को पुनः व्याख्यायित कर रही है। हमें इस विकास गाथा का हिस्सा बनने से खुशी महसूस हो रही है। क्योंकि कामधेनु नेक्स्ट आगमी प्रोजेक्ट्स के ढांचे को मजबूत बनाएगा। आगामी वर्ष में राज्य में हमारी उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 2 लाख एमटी करने की योजना है।